राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर

क्रमांकः राजुवास/बीवीएससी एण्ड एएच/प्रवेश/2023–24/152 दिनांक– 18.07.2023

B.V.Sc. & A.H. डिग्रो पाठ्यक्रम सत्र 2023–24 में प्रवेश आवंटन हेतु ऑनलाईन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के सक्षम अनुमति प्राप्त संघटक एवं सम्बद्ध प्राईवेट वेटरनरी कॉलेजों में उपलब्ध स्टेट कोटा सीटों पर 5½ वर्षीय BVSc & AH डिग्री पाठ्यक्रम (सत्र 2023–24) में प्रवेश आवंटन, ऑनलाईन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया उपरान्त बनी NEET(UG)-2023 की मेरिट एवं इन प्रवेश पर लागू राज्य आरक्षण नीति के अनुसार सीटों की उपलब्धता तक किया जाऐगा। इस क्रम में **केवल राजस्थान मूल निवास** के प्रवेश योग्य पात्र एवं इच्छुक सभी श्रेणियों के NEET(UG)-2023 में प्रविष्ट अभ्यर्थियों (जो कि National Testing Agency द्वारा NEET(UG)-2023 में सफल होने हेतु निर्धारित Minimum qualifying of marks की पात्रता रखते हों) को **विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.rajuvas.org** पर उपलब्ध काउंसलिंग हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन **दिनांक 19.07.2023 से 18.08.2023** तक आवश्यक रूप से ऑनलाईन फॉर्म भरने हेतु आमंत्रित किया जाता है। ऑनलाईन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन शुल्क की निर्धारित राशि 2500/–रूपये जो कि नेटबैंकिंग/डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से जमा करवानी होगी। अभ्यर्थी प्रवेश हेतु अपनी पात्रता आवश्यक रूप से जांच करके ही ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरें। अयोग्य एवं अपात्र अभ्यर्थियों द्वारा फॉर्म एवं निर्धारित फीस भरने हेतु अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा तथा ऐसे अभ्यर्थियों के फॉर्म अमान्य होंगे एवं उनकी फीस रिफण्ड नहीं होगी।

विभिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों का विवरण निम्न प्रकार है–

- **संघटक (Constituent) महाविद्यालय– (सभी में पेमेन्ट सीट फीस (NRI सीटों को छोड़कर) प्रतिवर्ष 3.00 लाख रूपये एवं रेग्यूलर फीस अतिरिक्त)**

क्रस.	संघटक महाविद्यालय का नाम	Regular seat	Payment seat	NRI/NRI sponsored payment seat
1.	पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर	35	45	05
2.	पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, नवानियां, उदयपुर	35	45	05
3.	स्नातकोत्तर पशु चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, जयपुर	35	45	05

नोट– NRI/NRI-sponsored सीटों के लिए अलग से ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन आवेदन प्रस्तुत करना होगा। NRI/ NRI-sponsored सीटों के लिए ऑनलाईन आवेदन की तिथि, फीस एवं अन्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर जल्द ही उपलब्ध करा दी जायेगी।

- **सम्बद्ध (Affiliated) प्राइवेट महाविद्यालय–(सभी में पेमेन्ट सीट फीस प्रतिवर्ष 5.50 लाख रूपये एवं अन्य फीस अतिरिक्त)**

क्रस.	सम्बद्ध प्राइवेट महाविद्यालय का नाम	Payment seat
1.	अपोलो कॉलेज ऑफ वेटरनरी मेडिसिन, जयपुर	35
2.	अरावली वेटरनरी कॉलेज, सीकर	35
3.	महात्मा ज्योतिबा फूले कॉलेज ऑफ वेटरनरी एण्ड ऐनिमल साइंस, चौमूं, जयपुर	35
4.	एम.बी. वेटरनरी कॉलेज, डूँगरपुर	40
5.	आर.आर. कॉलेज ऑफ वेटरनरी एण्ड ऐनिमल साइंस, देवली, टोंक	40
6.	महात्मा गांधी वेटरनरी कॉलेज, भरतपुर	40
7.	सौरभ कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस, खेड़ा, हिंडोन सिटी, करौली	40

इस सम्बन्ध में अन्य आवश्यक विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.rajuvas.org पर दिनांक 19.07.2023 से उपलब्ध रहेगा। प्रवेश आवंटन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अभ्यर्थी को उक्त निर्धारित समयावधि में ऑनलाईन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। काउंसलिंग हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में भाग नहीं लेने वाले अभ्यर्थियों के सम्बन्ध में यह माना जायेगा कि वे उक्त पाठ्यक्रम में इस विश्वविद्यालय के उक्त किसी भी संघटक एवं सम्बद्ध प्राइवेट वेटरनरी कॉलेजों में सत्र 2023–24 में प्रवेश लेने के इच्छुक नहीं है अतएव उन्हें प्रवेश आवंटन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जायेगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी केवल सम्बन्धित अभ्यर्थी की ही होगी।

चेयरमैन, केन्द्रीय स्नातक प्रवेश मण्डल